जल जीवन मशिन में 11 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की पुनरीक्षति योजनाएँ मंज़ूर

चर्चा में क्यों?

21 जुलाई, 2022 को मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी वभिाग ने जल जीवन मशिन में 11 हज़ार 100 करोड़ 72 लाख रुपए की पुनरीक्षति 25 समूह जलप्रदाय योजनाओं को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बदुि

- मध्य प्रदेश जल नगिम इन जलप्रदाय योजनाओं के नरि्माण का कार्य प्रारंभ कर रहा है। इन योजनाओं से भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और ग्वालयिर संभाग के 18 ज़िलों की ग्रामीण आबादी को हर घर नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाएगी।
- मशिन की जलप्रदाय योजनाओं से 6 हज़ार 261 ग्रामों के 9 लाख 34 हज़ार से अधिक परविारों को पेयजल की सुवधिा मुहैया होगी।
- ये योजनाएँ भोपाल, वदिशिा, रायसेन, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, रतलाम, छदिवाड़ा, मंडला, खरगौन, खंडवा, बैतूल, सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, दतिया और शविपुरी ज़िले की 71 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी की पेयजल की ज़रूरत को पूरा करेंगी।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जल जीवन मशिन में हो रहे कार्यों से अब तक 51 लाख 15 हज़ार से अधिक ग्रामीण परविारों को उनके घर पर नल से जल उपलब्ध करवाया जा चुका है। करीब 5 हज़ार 300 गाँव ऐसे हैं, जनिमें प्रत्येक परविार तक नल से जल की सुवधिा दी जा चुकी है।
- मशिन में प्रदेश की ग्रामीण आबादी को उनके घर पर ही नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लयि जलप्रदाय योजनाओं के कार्य बृहद् स्तर पर चल रहे हैं। इनमें 8 हज़ार से अधिक गाँवों में 70 से 90 प्रतशित और 16 हज़ार 300 गाँवों के कार्य 70 प्रतशित तक पूर्णता की ओर हैं। इसी माह से 6 हज़ार से अधिक गाँवों की पेयजल व्यवस्था के कार्य प्रारंभ कयि जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revised-schemes-in-jal-jeevan-mission